Regarding development of Lunavada Railway Station in Panchamahal Parliamentary Constituency, Gujarat)-laid

श्री राजपालसिंह महेंद्रसिंह जादव (पंचमहल) : पिछले 10 सालों में गुजरात और समग्र भारत में रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं रेलवे ट्रेनों की संख्या में बहुत विकास हुआ है जिसके लिए मैं रेल मंत्रालय को अभिनंदन देता हूँ और आभार प्रकट करता हूँ ।

पंचमहल लोकसभा में गोधरा रेलवे स्टेशन एक बड़ा जंक्शन है जो एक तरफ बड़ौदा होकर महाराष्ट्र को जोड़ता है और दूसरी तरफ मध्यप्रदेश से आगे दिल्ली को जोड़ता है ।

मेरे क्षेत्र के लूनावाड़ा शहर के रेलवे स्टेशन का विकास करने के लिए रेल मंत्री जी को आग्रह करता हूँ । इस स्टेशन और रेलवे लाइन के विकास से गोधरा लूनावाड़ा और आगे मोड़ासा होकर शामलाजी और आगे राजस्थान को रेलवे लाइन मिल जाती है । इससे आगे दिल्ली तक लाइन चालू है । इस विकास से मेरे मतक्षेत्र के नागरिक उदयपुर और जयपुर से जुड़ सकेंगे । रेल ट्रांसपोर्टेशन का एक नया लाभ लोगों को मिलेगा । मैं सरकार से नम्रतापूर्वक आग्रह करता हूँ कि इस विषय में आगे की कार्यवाही के निर्देश करे ।